माप पाची



जब संजना 9 साल की थी तो उसने अपनी ऊँचाई का निशान लगाने के लिए पेड़ पर एक कील ठोंक दी थी।

दस साल बाद वह यह देखने आई कि कील अब कितनी ऊँचाई पर है। यदि पेड़ हर साल 4 इंच बढ़ता है तो कील अब कितनी ऊँचाई पर होगी?

चिड़ियों का एक झुण्ड उड़ता हुआ जा रहा था। डाल पर बैठी एक चिड़िया बोली कि अरे, सौ चिड़ियों कहाँ जा रही हो? उड़ती हुई चिड़ियाँ बोलीं - हम सौ नहीं हैं लेकिन जितनी हम हैं अगर उतनी ही और चिड़ियाँ व उनकी आधी और उनकी भी आधी और तुम भी हमारे साथ आ जाओ तो हम पूरे सौ हो जाएँगी।

तुम्हें बताना है कि झुण्ड में कुल कितनी चिड़ियाँ थीं?

मत, ताल, कर, तार, पान

कई शब्द ऐसे होंगे जो एक से ज़्यादा अर्थों में इस्तेमाल किए जाते हैं। जैसे, अब मत को ही ले लो। मत यानी मनाही भी होता है। और, राय भी।

क्या तुम इस तरह के दस **शब्द** और सोच सकते हो?

मैं बाज़ार जा रहा था।
रास्ते में मुझे एक महिला व उसके 2 दो बच्चे लौटते मिले।
आगे जाकर एक लड़का व उसका कुत्ता मिला।
और फिर 4 कुत्तों को लेकर बाज़ार से आ रही एक महिला व उसकी बेटी मिली।

तुम्हें यह बताना है कि कुल कितने लोग बाज़ार जा रहे थे?